
MUNICIPAL CORPORATION, SHIMLA

# E-Newsletter

VOLUME I, ISSUE I MAY— JUNE' 2016

## नगर निगम द्वारा अस्पताल के.एन.एच. में शिशुओं के प्रथम परिधान बैंक की शुरुआत

रेडक्रास सोसाईटर की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा सिंह ने मेयर श्री संजय चौहान और डिप्टी मेयर श्री टिकेंद्र पंवर की उपस्थिति में दिनांक 16-06-2016 को शिशु प्रथम परिधान केंद्र का उद्घाटन किया।




रेडक्रास सोसाईटर की उपाध्यक्ष माननीय श्रीमती प्रतिभा सिंह ने कहा कि शिशु परिधान केंद्र से जरुरतमंदो को मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। वस्त्र प्राप्त करने के लिये इच्छुक व्यक्ति कमला नेहरु अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों आयुक्त श्री पंकज राय, अतिरिक्त आयुक्त लीगल श्री जोगेंद्र चौहान आदि द्वारा बच्चों के कपडों के सौ सैट प्रदान किये।

नगर निगम के डिप्टी मेयर श्री टिकेंद्र पंवर ने शहर के लोगों से जरुरतमंदो की मदद के लिये आगे आने का आहवान किया। डिप्टी मेयर ने कहा कि इच्छुक लोग निगम को इस योजना के लिये वितीय मदद दे सकते हैं।



अच्छी पहल

पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने किया परिधान बैंक का शुभारंभ

### के.एन.एच. में शिशु प्रथम परिधान बैंक स्थापित

शिमला, 16 जून (वंदना): के.एन.एच. में गरीब व जरूरतमंद अभिभावकों के नवजात शिशुओं को मुफ्त में कपड़े मिल सकेंगे। नगर निगम ने अस्पताल में शिशुओं के प्रथम परिधान बैंक की शुरूआत कर दी है। वीरवार को पूर्व सांसद व रैडक्रॉस सोसायटी की चेयरमैन प्रतिभा सिंह ने लेबर रूम के पास निगम के परिधान बैंक का शुभारंभ किया। इस परिधान बैंक को लेबर रूम के पास स्थापित किया गया है, साथ ही इस शिशु परिधान बैंक में पर्याप्त मात्रा में कपड़ों के सैट रख दिए गए हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रैडक्रॉस सोसायटी भी निगम के इस परिधान बैंक को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने अन्य समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की और कहा कि आपकी छोटी-सी मदद किसी जरूरतमंद की जिंदगी में खुशियां लाएगी। अस्पताल में यह पहला परिधान बैंक शुरू किया गया है।

इस मौके पर मेयर संजय चौहान, डिप्टी मेयर टिकेंद्र पंवर, निगम आयुक्त पंकज राय, अतिरिक्त आयुक्त विधि जोगेंद्र चौहान, पार्षद सुरेंद्र चौहान, शशि शेखर, नरेंद्र कुमार, अर्चना धवन, व्यापार मंडल प्रधान इंद्रजीत सिंह, सी.एच.ओ. डा. सोनम नेगी, एम.ई. विजय गुप्ता व अधिशासी अभियंता सुधीर गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने वीरवार को अपना जन्मदिन भी के.एन.एच. में मनाया। उनके जन्मदिन पर अस्पताल में केक काटा गया। मेयर और डिप्टी मेयर समेत पार्षदों, अधिकारियों और अस्पताल के स्टाफ की ओर से प्रतिभा सिंह को जन्मदिवस की बधाई दी गई। इसके बाद उन्होंने लेबर रूम का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल भी पूछा।

*शिमला : कमला नेहरू अस्पताल में शिशु परिधान केंद्र के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित रैडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व अन्य।* (नरेश)

#### बच्चों संग मनाया प्रतिभा का जन्मदिन

शिमला, 16 जून (ब्यूरो): युवा कांग्रेस द्वारा शिमला लोकसभा युकां अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह का जन्मदिन रोहड़ू में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मसली में अनाथ आश्रम के बच्चों के साथ केक काटा गया और उन्हें फल वितरित किए गए। युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं में लोकसभा युवा कांग्रेस महासचिव विजय चौहान, रोहड़ू युवा कांग्रेस महासचिव ललित ठाकुर, रजनीश ठाकुर, जाकिर हुसैन, सन्नी रोल्टा, यूथ कांग्रेस मसली के बूथ अध्यक्ष रवि चौहान व विनोद चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**शुभारंभ** | प्रतिभा ने किया शिशु परिधान बैंक का शुभारंभ, लाभदायक साबित होगा बैंक

# केएनएच में अब बच्चों को मुफ्त मिलेंगे कपड़े

सिटी रिपोर्टर | शिमला

केएनएच में गरीब एवं जरूरतमंद अभिभावकों को अपने नवजात शिशुओं के लिए कपड़ों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें अपने बच्चे के लिए अस्पताल में ही मुफ्त में कपड़े मिलेंगे। नगर निगम ने गरीब एवं जरूरतमंद अभिभावकों की मदद के लिए शिशु परिधान बैंक की शुरू किया है। वीरवार को पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने लेबर रूम के पास निगम के इस प्रथम शिशु परिधान बैंक का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद ने इसके लिए निगम की सराहना की और कहा कि इससे गरीब एवं जरूरतमंदों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि केएनएच में रोजाना बच्चे पैदा होते हैं। कई अभिभावक ऐसे होते हैं, जो अपने नवजात शिशु के लिए कपड़ों का इंतजाम नहीं कर पाते हैं, ऐसे अभिभावकों के लिए शिशु परिधान बैंक लाभदायक साबित होगा। वे बच्चे के जन्म के बाद परिधान बैंक से कपड़े ले सकेंगे। ये कपड़े बिल्कुल मुफ्त दिए जाएंगे। इसके लिए अभिभावकों पर कोई बोझ नहीं डाला जाएगा। लेबर रूम के पास स्थापित इस शिशु परिधान बैंक में पर्याप्त मात्रा में कपड़ों के सैट रख दिए हैं। जरूरतमंद अभिभावक अपने शिशु के लिए कपड़े ले सकता है। पूर्व सांसद ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी भी निगम के इस परिधान बैंक को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। निगम का इस मौके पर मेयर संजय चौहान, डिप्टी मेयर टिकेंद्र पंवर, कमिश्नर पंकज राय, एडिशनल कमिश्नर जोगेंद्र चौहान, पार्षद सुरेंद्र चौहान, अर्चना धवन, व्यापार मंडल प्रधान इंद्रजीत सिंह, सीएचओ डॉ. सोनम नेगी, एमई विजय गुप्ता, एक्सईएन सुधीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



केएनएच में जन्म दिन पर केक काटतीं प्रतिभा सिंह।

### अस्पताल में मनाया प्रतिभा का जन्मदिन

पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह का वीरवार को जन्मदिन था। उनके जन्मदिन पर अस्पताल में केक काटा गया। मेयर, डिप्टी मेयर समेत पार्षदों, अधिकारियों और अस्पताल के स्टाफ की ओर से प्रतिभा सिंह को जन्मदिवस की बधाई दी गई और उनकी दीर्घायु की भी कामना की। सुबह शिशु परिधान बैंक के शुभारंभ के बाद पूर्व सांसद ने लेबर रूम का निरीक्षण किया और प्रसूता महिलाओं से मिलीं।

# केएनएच में जन्मे गरीबों के बच्चों को नहीं होगी अब कपड़ों की कमी

## अस्पताल में पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने किया 'शिशु प्रथम परिधान केंद्र' का उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में जन्म लेने वाले गरीब लोगों के बच्चों को अब कपड़ों की कमी नहीं सताएगी।

वीरवार को अस्पताल में पूर्व सांसद और रेडक्रास सोसायटी की उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मेयर संजय चौहान और डिप्टी मेयर टिकेंद्र पंवर की उपस्थिति में 'शिशु प्रथम परिधान केंद्र' का उद्घाटन किया। नगर निगम शिमला और रोटरी क्लब संयुक्त रूप से इस केंद्र का संचालन करेंगे। इस केंद्र के माध्यम से गरीब लोगों के बच्चों के लिए निशुल्क कपड़े उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि शिशु परिधान केंद्र से जरूरतमंदों को मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। वस्त्र प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति कमला नेहरू अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बच्चों के कपड़ों के सौ सैट प्रदान कर सकारात्मक पहल करने के लिए सराहना की। इस मौके पर नगर निगम के पार्षद आलोक पठानिया, शशि शेखर, सुरेंद्र चौहान, इंद्रजीत सिंह, अर्चना धवन, निगम आयुक्त पंकज राय, केएनएच के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक एलएस चौधरी, डिप्टी एमएस सुभाष चौहान मौजूद रहे।




● नगर निगम और रोटरी क्लब के संयुक्त प्रयासों से होगा संचालन

### कटा केक, अर्चना ने गाया बर्थडे सांग

पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह के जन्म दिवस के मौके पर कमला नेहरू अस्पताल में केक काटा गया। शिशु प्रथम परिधान योजना की औपचारिक शुरुआत के बाद अस्पताल के एमएस आफिस में केक कटिंग सेरेमनी हुई। नगर निगम की मनोनीत पार्षद अर्चना धवन ने इस मौके पर बर्थ डे सांग गाया।